जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का मंत्री ने किया शुभारंभ

चार विधाओं में युवाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन, सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें युवा : प्रमोद चन्द्रवंशी

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में अब्दुल बारी नगर भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग प्रमोद चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि युवा वर्ग ही हमारे देश की नींव एवं उज्ज्वल भविष्य का आधार है। युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए सही दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे एवं अन्य बुरी आदतों से दूर रहकर शिक्षा, कला, संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के क्रियाकलापों एवं गतिविधियों पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिल सके और वे एक सशक्त एवं विकसित समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा उत्सव प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मंच है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेलकूद, कला एवं रचनात्मक गतिविधियों में लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास से ही युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम दिन कुल चार विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अब्दुलबारी नगर भवन में समूह लोकगीत एवं समूह लोकनृत्य तथा खेल भवन, जहानाबाद में कविता लेखन एवं चित्रकला की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विभिन्न प्रखंडों से चयनित युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम में सागर कुमार उर्फ दिलीप कुशवाहा उपाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, विनोद कुमार गुप्ता एवं धीरज कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, जिला नागरिक परिषद्, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारीगण, कर्मी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, नशामुक्त समाज के निर्माण एवं कला-संस्कृति के संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध है।





पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना-राँची रोड वाईपास, थाना-दीपनगर, बिहारशरीफ-803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026-27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई-प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता-अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम-करैला, थाना-धनसोई, जिला-बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि-29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता-पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0-9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल-adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयाविधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीज की मौत

इमरजेंसी में डॉक्टर नहीं रहने का परिजनों ने लगाया आरोप, डीएम ने दिये जांच के आदेश

जहानाबाद। सदर अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी और इमरजेंसी वार्ड से गायब रहने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक बार फिर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से ऑन-ड्यूटी डॉक्टर नदारद मिले, जिससे गंभीर हालत में पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। करीब डेढ़ घंटे तक मरीज स्ट्रेचर पर तड़पते रहे, लेकिन उन्हें देखने वाला कोई नहीं था। यहां तक कि गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए रेफर करने तक का इंतजाम नहीं था। मामले की सूचना पाकर पहुंचे अस्पताल उपाधीक्षक डॉ चंद्रशेखर आजाद ने खुद कमान संभालते हुए मरीजों का इलाज शुरू किया। सदर अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार का मंजर स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों की पोल खोलने के लिए काफी था। परिजनों का आरोप है कि वे घंटों तक डॉक्टरों के आने की मिन्नतें करते रहे, लेकिन ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अपनी सीट से पूरी तरह गायब थे। मरीज की हालत बिगड़ती देख लोग उन्हें पटना या अन्य अस्पतालों में ले जाने के लिए रेफरल पर्ची बनवाने की कोशिश में थे, लेकिन वार्ड में रेफर करने वाला भी कोई जिम्मेदार डॉक्टर मौजूद नहीं था।



मरीज के परिजनों ने बताया कि हम करीब डेढ़ घंटे से अपने मरीज को लेकर यहां बैठे हैं।

इमरजेंसी में कोई डॉक्टर देखने वाला नहीं है। मरीज की हालत बहुत सीरियस है। हम चाह रहे हैं कि कम से कम रेफर कर दिया जाए ताकि हम बाहर ले जाएं, लेकिन रेफर करने के लिए भी कोई डॉक्टर मौजूद नहीं है। परिजनों ने बताया कि परिवार के सदस्य की अचानक तबीयत बिगड़ने पर हम लोग भागे-भागे सदर अस्पताल आए थे। यहां आकर देखा तो इमरजेंसी में कोई डॉक्टर ही नहीं है। मरीज दर्द से कराह रहा है और हम लोग दर-दर भटक रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड से डॉक्टर के गायब होने और परिजनों के हंगामे की खबर मिलते ही अस्पताल उपाधीक्षक डॉ चंद्रशेखर आजाद तुरंत इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। उन्होंने खुद मोर्चा संभालते हुए कतार में लगे गंभीर मरीजों का इलाज शुरू किया। मीडिया से बातचीत में अस्पताल उपाधीक्षक ने भी डॉक्टरों की इस अनुशासनहीनता पर गहरी बेबसी और नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्वीकार किया कि जिस चिकित्सक की ड्यूटी तय थी, वे बिना सूचना के नदारद है। उन्होंने साफ कहा कि डॉक्टरों की लगातार गैरहाजिरी और मनमानी की लिखित शिकायत सिविल सर्जन से की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि सदर अस्पताल में डॉक्टरों की लगातार लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने पहले ही एक जांच टीम का गठन कर रिपोर्ट तलब की है।

लंबित ऋण आवेदनों के निष्पादन एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन में तेजी लायें : छिरिङ वाई भूटिया

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, ऋण स्वीकृति, ऋण वितरण एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 5,375 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 317 आवेदनों में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने विभाग के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में शत-प्रतिशत सोलर पैनल अधिष्ठापन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को शिक्षकों, चिकित्सकों, एएनएम एवं जीएनएम के अधिकाधिक ऑनलाइन आवेदन कराते हुए सोलर पैनल अधिष्ठापन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान दिनांक 26 एवं 28 अक्टूबर को आयोजित विशेष शिविरों में प्राप्त 88 आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित बैंकों एवं वेंडरों को दिया गया।

साथ ही, ऋण स्वीकृति एवं वितरण के बावजूद वेंडरों के स्तर पर लंबित 22 आवेदनों में दो दिनों के भीतर सोलर पैनल अधिष्ठापन पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, बैंक प्रतिनिधियों एवं वेंडरों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि अधिकाधिक पात्र लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)

आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०-84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या-**H00030423**, चेसिस संख्या-**1487643 F 2012,** निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

समाहर्त्ता,
मधुबनी

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी


जहानाबाद। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में संयुक्त कृषि भवन, काको रोड के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी किए जाने का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित पदाधिकारियों, कृषि कर्मियों एवं किसानों ने सामूहिक रूप से देखा एवं सुना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के अंतर्गत जिले के कुल 41967 किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग 8 करोड़ 40 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर किसानों को योजना के उद्देश्यों, महत्व एवं इसके अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि पदाधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, जिला स्तरीय कृषि पदाधिकारी, कृषि विभाग के कर्मी एवं विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय के अतिरिक्त जिले के सभी सात प्रखंड मुख्यालयों में भी आयोजित किया गया, ताकि अधिकाधिक किसान योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें।



तेज आंधी-बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान

बालियों में दाना आने के समय खेतों में गिर गयी फसल, किसानों को सता रही उपज बर्बाद होने की चिंता

हुलासगंज, जहानाबाद। प्रकृति की मार ने एक बार फिर किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। हाल में आए तेज आंधी-तूफान के कारण जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र में धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है। खेतों में लहलहा रही धान की फसल तेज हवा के झोंकों को सहन नहीं कर सकी और देखते ही देखते जमीन पर बिछ गई। खास बात यह है कि इस समय धान की फसल में बालियां निकल चुकी थीं और उनमें दाने आने के साथ वजन बढ़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। ऐसे नाजुक समय में फसल के गिर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुल्तानपुर गांव के किसान सत्येंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा, के अनुसार, तेज हवा के कारण अधिकांश खेतों में धान की फसल पूरी तरह जमीन से सट गई है। खेतों में पानी और नमी के बीच गिरी हुई फसल के लंबे समय तक इसी स्थिति में रहने से बालियों के सड़ने, दाने काले पड़ने और अंकुरित होने की आशंका है। इससे धान की गुणवत्ता के साथ उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वही लाट गांव निवासी किसान शंभू सिंह ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका करीब ढाई बीघा धान का खेत पूरी तरह जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा, हम लोग पूरे साल खेतों में मेहनत करते हैं। दिन-रात एक करके फसल तैयार करते हैं और उम्मीद रहती है कि धान की कटाई के बाद परिवार के लिए कुछ खुशियां आएंगी। लेकिन कटाई से ठीक पहले खराब मौसम आफत बनकर आ गया। अब समझ में नहीं आ रहा है कि सालभर की मेहनत की भरपाई कैसे होगी। किसानों ने बताया कि धान की खेती में बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी पर पहले ही काफी खर्च हो चुका है। फसल तैयार होने के समय इस तरह की प्राकृतिक आपदा ने उनकी आर्थिक गणित बिगाड़ दी है। कई किसानों के सामने अब अगली फसल की तैयारी और परिवार के खर्चों को लेकर भी चिंता खड़ी हो गई है। किसानों ने कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन से प्रभावित पंचायतों में धान की फसल को हुए नुकसान का स्थलीय सर्वेक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अधिकारियों की टीम गांवों में जाकर खेतों की वास्तविक स्थिति का आकलन करे तथा नुकसान के अनुसार प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए।



विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल-छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-19 वर्ष 2026-2027

(1)	विज्ञापन दाता का नाम एवं पता	:	विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, छपरा।
(2)	परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय	:	18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3)	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:	19.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(4)	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	19.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे तक।
(5)	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:	(1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत् भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6)	निविदा प्राप्ति का स्थान	:	क्रमांक 5 के अनुसार
(7)	कार्य की विवरणी	:	

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-06/वर्ष 2026-27
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता: कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि: दिनांक-27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:- दिनांक-04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से
   दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक।
   (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:- दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक।
   (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
5. निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक-06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में।
   (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
6. कार्य की विवरणी:-

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026					
1	Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0" x 50'-0" with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को **https://eproc2.bihar.gov.in** पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई-टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

राजकीय मध्य विद्यालय सुगांव में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

मखदुमपुर। राजकीय मध्य विद्यालय सुगाँव में शिक्षिका फौजिया तारीक के स्थानांतरण पर विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षिका को विदा किया, मामले की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सिंह ने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय सुगाँव में शिक्षिका फौजिया तारीक पिछले 21 वर्षों से शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। जिनका स्थानांतरण कन्या प्राथमिक उर्दू विद्यालय इक्किल ढोंढा में हुआ है। जिसके बाद शुक्रवार के दिन कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षिका का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षक सर्वेश रंजन, शंकर कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद आसिफ, सहिफा आमान, समामा हफ़ीज़, शशि कला वर्मा, प्रतिमा कुमारी, पूजा कुमारी, सुविधा कुमारी, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं रसोईया टोला सेवक एवं तालिमी मरकज एवं विद्यालय के बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे। शिक्षिका के विदाई समारोह के मौके पर सभी की आंखें नम हो गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा के शिक्षिका फौज़िया तारिक पिछले 21 वर्षों से विद्यालय में कार्यरत थी और यहां के बच्चों तथा शिक्षकों से इनका काफी अच्छा लगाओ रहा। मौके पर शिक्षिका को अंग वस्त्र तथा उपहार देकर विदा किया गया और उनके उज्जवल भविष्य तथा स्वस्थ की कामना की कामना की गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा बच्चे मौजूद रहे।



छिनतई मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

मखदुमपुर। टेहटा थाना की पुलिस ने छिनतई मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया के कुछ दिन पूर्व ढोंढा नहर के समीप छिनतई का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त भेलावर थाना क्षेत्र के बसंतपुर हरहर गांव निवासी राहुल कुमार पिता विकास उर्फ जेलर यादव को पुलिस ने छिनतई मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष ने पार्टी के 23वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से की मुलाकात

जहानाबाद। जनता दल (यूनाइटेड) के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवासीय कार्यालय पहुँचकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान संजय झा के साथ जिले में युवाओं के उत्कर्ष, उनके सर्वांगीण विकास और स्थानीय स्तर पर युवाओं की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही, जिले में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, पंचायत स्तर पर संगठन के विस्तार और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में युवाओं की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू कुमार यादव ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में युवा जदयू जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक धारदार बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर पार्टी को मजबूत करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने भी युवाओं के उत्साह की सराहना की और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करते रहने का मार्गदर्शन दिया। इस शिष्टाचार मुलाकात में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल भी मौजूद थे।



करंट की चपेट में आने से 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत

काको, जहानाबाद। भेलावर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी बीघा गांव में शुक्रवार की शाम बिजली करंट की चपेट में आने से 62 वर्षीय अर्जुन यादव की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गयी, वहीं परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, अर्जुन यादव शुक्रवार की शाम घर से निकलकर बधार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप ट्रांसफार्मर के पास बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। उनकी नजर टूटे तार पर नहीं पड़ी और वह उसकी चपेट में आ गये, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी।